नगर निगम शिमला

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिमला शहर में निगम पार्किंग नजदीक ब्लॉक नंबर–5, फेज–III, सेक्टर–5, न्यू शिमला, वार्ड न. 30, कंगनाधार, शिमला में 52 वाहनों की पार्किंग क्षमता हेतु पार्किंग स्थानों के आवंटन के लिए इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 12/06/2026 तक पूर्ण दस्तावेजों सहित आवेदन आमंत्रित किए ज़ाते हैं।

नगर निगम शिमला के सदन द्वारा पारित निर्णय के अनुसार उक्त पार्किंग के कुल 52 स्थानों में से 50 प्रतिशत अर्थात् 26 स्थान हिमुडा आवंटियों (HIMUDA Allottees) तथा शेष 50 प्रतिशत अर्थात् 26 स्थान स्थानीय निवासियों (Local Residents) को आवंटित किए ज़ाएंगे। पार्किंग स्थानों का आवंटन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी श्रेणी में उपलब्ध स्थानों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो आवंटन प्रक्रिया "ड्रा ऑफ लॉट्स" के माध्यम से संपन्न की जाएगी।

प्रत्येक आवेदक को आवेदन पत्र के साथ वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र (आर.सी.) की प्रति, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (स्थानीय निवासियों हेतु) अथवा हिमुडा आवंटी होने का प्रमाण (हिमुडा आवंटियों हेतु) संलग्न करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले अथवा अपूर्ण दस्तावेजों सहित प्रस्तुत आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया ज़ाएगा। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन पत्र व् पूर्ण दस्तावेजों सहित सहित अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम शिमला को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय के दौरान नगर निगम शिमला की सम्पदा शाखा में दूरभाष नं. 0177–2802779 पर संपर्क किया जा सकता है।

अतिरिक्त आयुक्त,
नगर निगम शिमला।